卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं, यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 167 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦28 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# डेरा कारसेवा प्रमुख तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या

## हत्याकाण्ड से पूरे तराई में सनसनी, दो बाइक सवारों ने तड़के वारदात को दिया अंजाम,सीसी टीवी फुटेज में कैद हुई घटना





नानकमत्ता(उद संवाददाता)। डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गुरूवार तड़के बाइक सवार दो बदमाशों ने कार सेवा परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी। बदमाश बाइक पर सवार होकर आये थे। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने कुर्सी पर बैठे डेरा प्रमुख को राईफल से गोली मारी और दूसरे रास्ते से फरार हो गए। डेरा प्रमुख को गोली लगने के बाद सेवादार उन्हें गाड़ी से खटीमा के प्राईवेट अस्पताल ले गए। जहां ईलाज के बाद उनकी मौत हो गई। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है जिसमें बाइक सवार दो बदमाश घटना को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। डेरा प्रमुख की हत्या से पूरे तराई में सनसनी फैल गई। घटना के विरोध में नगर का बाजार पूर्ण बंद रहा वहीं नगर के स्कूल भी बंद रहें। घटना स्थल पर एसएसपी मंजूनाथ टिसी समेत तमाम पुलिस अधिकारी पहुंच गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार प्रात: करीब 6 बजें रोजाना की तरह डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह कारसेवा परिसर में कुर्सी पर बैठे थे। बताया जाता है कि तभी कारसेवा के मुख्य गेट से एक बिना नम्बर की बाईक में सवार दो युवक सीधे बाबा के पास पहुंचे, जब तक बाबा कुछ समझ पाते तब तक बदमाशों ने उनके सीने पर राईफल से गोली चला दी और गोली चलाकर कारसेवा के दूसरे रास्ते से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर सेवादार बाबा के पास दौड़े आए और बाबा को गोली लगने पर तुरंत उनको गाड़ी से खटीमा अस्पताल ले गए। जहां ईलाज के दौरान बाबा की मौत हो गई। कारसेवा बाबा की गोली मारकर हत्या की खबर से पुलिस के हाथ पांव फूल गए। मौके पर सितारगंज के कोतवाल भूपेन्द्र सिंह बृजवाल, नानकमत्ता एसओ देवेन्द्र गौरव पुलिस फोर्स लेकर पहुंच गए। घटना की सूचना (शेष पृष्ठ सात पर)

### योजनाबद्ध तरीके से बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

नानकमत्ता। डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या को बदमाशों ने योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया है। हत्या के लिए बदमाशों ने घटनास्थल के आसपास की रेकी की होगी। जिससे बदमाशों को घटना को अंजाम देने के बाद भागने में आसानी हो सके। ऐसा इसलिए बाइक में सवार बदमाशों को बाबा के डेरा परिसर में अकेले बैठे होने की पूरी जानकारी थी। बदमाशों को परिसर के भीतरी रास्तों का पहले से ही पता था। जिस वजह से बदमाश गोली मारने के बाद पलभर में ही डेरा परिसर के दूसरे भीतरी मार्ग से फरार हो गये। दोनों बदमाशों ने चेहरे पर नकाब नही ढके थे। जिस वजह से बदमाशों का बाहरी होना प्रतीत होता है। हालांकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### तीन सेकेंड में हत्या को दिया अंजाम

नानकमत्ता। डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या को बाइक में सवार बदमाशों ने तीन सेकेंड में ही अंजाम दे दिया। तड़के बाइक में सवार बदमाश डेरा परिसर में रायफल लेकर घुसे। बदमाशों ने बाइक में चलते समय ही बाबा तरसेम सिंह के सीने में गोली मार दी। इसके तुरंत बाद बदमाशों ने बाइक घुमाते समय ही दूसरी गोली मार दी। हत्याकांड को बदमाशों ने पेशेवर बदमाशों की तरह अंजाम दिया है। गोली की आवाज सुनकर डेरे में मौजूद अन्य लोग जब तक कमरों से बाहर निकलते तब तक बदमाश फरार हो चुके थे।

# भाजपा के करीबी माने जाते थे डेरा प्रमुख

■ अनिल सागर/हनीफ बाबा

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक में भी थे बाबा के नजदीकी रिश्ते



उत्तराखण्ड के सीएम पुष्कर धामी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ बाबा तरसेम सिंह का फाईल फोटो

नानकमत्ता। डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह भाजपा के बेहद करीबी माने जाते थे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में भी उनकी मजबूत पकड़ थी। इसके अलावा डेरा प्रमुख धार्मिक सेवाओं में भी बढ़चढ़कर हिस्सा लेते थे। हाल में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह ने अयोध्या नगरी में लंगर की सेवाएं दी थी। डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह धार्मिक कार्यों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहते थे। ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की धार्मिक संस्था डेरा कारसेवा में बाबा तरसेम सिंह करीब दो दशक से सेवाएं दे रहे थे। बाबा तरसेम सिंह से पूर्व डेरा कार सेवा प्रमुख के पद पर बाबा टहल सिंह पदासीन थे। उनके बाद से बाबा तरसेम सिंह ने डेरा कारसेवा प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल ली। तब से लेकर बाबा तरसेम सिंह ही डेरे के प्रमुख थे। तब से लेकर बाबा तरसेम सिंह डेरे से सम्बधित सभी तरह के धार्मिक, सामाजिक कार्यों की देखरेख कर रहे थे। उनके कार्यकाल में गुरूद्वारा नानक मत्ता साहिब में जनहित के लिए अनेकों कार्य किये गये। भाजपा से उनके करीबी रिश्ते होने के कारण मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ सात पर)

### घटनास्थल के आस पास छिपे थे बाइक सवार दोनों बदमाश

नानकमत्ता। डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह को मौत के घाट उतारने वाले बाइक सवार बदमाश तड़के ही गुरूद्वारा परिसर में वारदात को अंजाम देने पहुंच गये। पुलिस के अनुसार सम्भवत: बदमाशों ने हत्या नानकमत्ता क्षेत्र में जमे हुए थे। ऐसा इसलिए कि बदमाशों को घटनास्थल एवं बाबा की दिनचर्या से जुड़ी पूरी जानकारी पहले से ही थी। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि बदमाशों ने क्षेत्र में डेरा डालकर कुछ दिनों बाबा की रेकी की (शेष पृष्ठ सात पर)

# डेरा प्रमुख को पहले से हत्या का अंदेशा

### पुलिस प्रशासन से लगाई थी सुरक्षा की गुहार



नानकमत्ता। ऐतिहासिक गुरूद्वारा नानकमत्ता साहिब के डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की रायफल से गोलियां दागकर निर्मम हत्या कर दी गई। डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह को पूर्व में ही खुद की हत्या का अंदेशा हो चुका था। उन्होंने पुलिस, प्रशासन के समक्ष सुरक्षा की गुहार लगाई थी। इसके बावजूद डेरा प्रमुख को डेरे में घुसकर सरेआम बाइक सवार बदमाशों ने गोलियां दागकर मौत के घाट उतार दिया। डेरा प्रमुख की हत्या से प्रदेश में हड़कम्प मच गया है। डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गुरूवार की तड़के डेरा परिसर में हत्या कर दी गई। बाइक सवार बदमाशों ने बाबा की हत्या के लिए सुबह का वक्त चुना। डेरा प्रमुख खुद की हत्या को लेकर पूर्व में पुलिस प्रशासन को अवगत करा चुके थे। इस मामले में दो लोगों के खिलाफ सरेआम डेरा प्रमुख को धमकी देने का मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। इसके बावजूद बाबा तरसेम सिंह की सुरक्षा में चूक का फायदा उठाकर बदमाशों ने उनकी हत्या कर पुलिस को चुनौती दी है। बाइक में आये दोनों बदमाश पगड़ी पहने हुए है। पीछे बैठे बदमाश के हाथ में रायफल सीसीटीवी कैमरों में दिखाई दे रही है।(शेष पृष्ठ सात पर)

# तीन घरों से लाखों के जेवर और नगदी चोरी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का ग्राफ जिस तेजी से बढ़ रहा है उससे पुलिस की रात्रि गश्त पर प्रश्न चिन्ह तो खड़ा हो ही रहा है साथ ही लोगों के दिलों में असुरक्षा की भावना भी बढ़ती जा रही है। अब अज्ञात चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त को चुनौती देते हुए ग्राम फुलसुंगा फुलसुंगी में गृह स्वामियों की गैर मौजूदगी में तीन घरों के ताले तोड़कर वहां से लाखों रूपये कीमत के जेवर तथा हजारों की नगदी चोरी कर ली। मामले की जानकारी थाना पुलिस को दे दी गई है। थानाध्यक्ष भारत सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ मौका मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी। जानकारी के अनुसार गंगापुर मार्ग स्थित ग्राम फुलसुंगा की वसुंधरा ग्रीन्स कालोनी निवासी विरेन्द्र चन्द्र आर्य निजी संस्थान में काम करते हैं। गत 21 मार्च को उनकी पत्नी सुमित्रा अपनी पुत्री सुदीक्षा के साथ घूमने नैनीताल गई थी। जिसके बाद वीरेन्द्र भी 24 मार्च को घर में ताला लगाकर नैनीताल चले गये। गत प्रात: जब वह वापस लौटे तो उन्होंने घर के गेट का ताला टूटा देखा। जब वह घर के भीतर गये तो सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। सुमित्रा ने बताया कि अज्ञात चोर अलमारी में रखे सोने की एक नथ, एक टीका, एक अंगूठी, एक मंगल सूत्र,(शेष पेज सात पर)




## शोक सभा/रस्म पगड़ी

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे छोटे भाई धर्मेन्द्र तनवानी की धर्मपत्नी श्रीमति रितु तनवानी का आकस्मिक निधन 26 मार्च 2024 को हो गया है, जिनकी आत्मिक शांति के लिए शबद कीर्तन एवं रस्म पगड़ी 29 मार्च दिन शुक्रवार को प्रात: 11.30 बजे से दोपहर 1बजे तक गुंजन पैलेस, बरेली रोड, किच्छा में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

धर्मेन्द्र तनवानी (पति)
लक्ष्य तनवानी (पुत्र)
यश एवं सागर (भतीजे)
गुलशन सिंधी–आरती(जेठ–जेठानी)
मनोज सिंधी–कंचन (देवर–देवरानी)

**फर्म- श्री साई कम्प्यूटर, होटल प्राईम, माई प्राईम, होटल भूमिका( किच्छा ) होटल विधा ( रूद्रपुर )**
मो. 9927037300, 9837133619, 7060153999


# सचिन तेंदुलकर ने किया सिडकुल में प्लांट का उदघाटन



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने गुरूवार को सिडकुल में लुमिनियस के नवनिमित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उदघाटन किया। इसके बाद कुछ देर आराम करने के पश्चात वे कैंची धाम के लिए रवाना हो गये। पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर आज दोपहर अपनी पत्नी अंजलि तेंदुलकर के साथ इंडिगो की फ्लाईट से पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह कार से (शेष पृष्ठ सात पर)

# अजय भट्ट लखपति और करोड़पति हैं पत्नी

## सबसे अधिक अमीर भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह की कुल संपत्ति 200 करोड़ पहुंची

नैनीताल/देहरादून(उद ब्यूरो)। कुमाऊं में चुनावी कौतिक का उत्साह दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। बुधवार को नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट समेत कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। तो वहीं अजय भट्ट की चल और अचल संपत्ति में भी पांच साल में इजाफा हुआ है। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की चल और अचल संपत्ति में पांच साल में इजाफा हुआ है। उनकी चल संपत्ति 28 लाख और अचल संपत्ति 11 लाख रुपये बढ़ गई है। पिछले चुनाव में बिना वाहन के रहे अजय भट्ट इस चुनाव में तीन वाहनों के मालिक हो गए हैं। उनकी पत्नी की अचल संपत्ति में करीब आठ गुना इजाफा हुआ है। वर्ष 2019 के चुनाव में दिए गए शपथपत्र में अजय भट्ट की चल संपत्ति 69,98,358.89 रुपये थी, जो पांच साल में बढ़कर 98,05,377 रुपये हो गई है। इसके अलावा पिछले चुनाव में अचल संपत्ति 15,39,800 रुपये थी, जो अब 26,39,800 रुपये हो गई है। वर्ष 2019 में अजय भट्ट को पहाड़ से उतारकर तराई-भाबर की सीट का प्रत्याशी बनाया गया था। उस समय उनके पास प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व भी था। उनके सामने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत बड़ी चुनौती थे लेकिन भट्ट ने हरीश रावत को तीन लाख 39 हजार 96 वोटों से हराकर जीत दर्ज कर कीर्तिमान बनाया था। इस बंपर जीत की बदौलत ही उन्हें रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री बनाया गया था। पिछले चुनाव में दिए गए शपथपत्र में उनके पास सोना 94.8 ग्राम था और चांदी 2.8 किलोग्राम थी। इस चुनाव में दिए शपथपत्र में उनके पास सोना 104.80 ग्राम और चांदी 2.80 किलोग्राम है। उनके खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं है। **अजय भट्ट ( भाजपा प्रत्याशी ) की संपत्ति का ब्योरा :** नकदी: 386000 रुपये पत्नी के पास नकदी : 90,500 रुपये वाहन : दो मारुति जिप्सी और एक वोक्सवैगन वर्टस कार, पत्नी के पास : स्विफ्ट डिजायर सोना: 104.80 ग्राम, चांदी: 2.80 किलोग्राम पत्नी के पास सोना: 603.50 ग्राम, चांदी: 1.25 किलोग्राम कुल चल संपत्ति की कीमत : 98,05,377 रुपये **पत्नी के नाम पर :** 10219811 रुपये कुल अचल संपत्ति: 2639800 रुपये पत्नी के नाम : 2,60,50,000 रुपये। बैंक ऋण व देय-पत्नी पर: 1905347 रुपये, अपराध: शून्य शिक्षा: विधि स्नातक।



**माला राज्य लक्ष्मी की पांच वर्ष पूर्व 170 करोड़ के लगभग थी सम्पत्ति :** देहरादून। टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने एक बार फिर चुनावी ताल ठोक दी है। उन्होंने चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने चल-अचल संपत्ति का ब्योरा भी हलफनामे में दिया है। जिसके अनुसार शाह परिवार दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का स्वामी है। यह संपत्ति पांच वर्ष पूर्व 170 करोड़ के लगभग थी। वहीं, माला राज्य लक्ष्मी शाह और उनके पति मनुजेंद्र शाह की कुल चल संपत्ति पांच वर्ष में करीब 35 करोड़ रुपये से 55 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। पिछले वर्ष टिहरी राज घराने की ओर से करीब सवा सात करोड़ रुपये का आयकर भुगतान भी किया है। भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने विशाल रैली निकालकर लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन कराया। वर्ष 2012 के उप चुनाव के बाद से लगातार टिहरी सीट पर काबिज रहीं शाह की संपत्ति इस दौरान काफी बढ़ी है। उनके पास निजी संपत्ति करीब 12 वर्ष में डेढ़ करोड़ रुपये से सात करोड़ के करीब पहुंच गई है।हालांकि, अचल संपत्ति वर्ष 2012 में 80 लाख रुपये से वर्ष 2019 में साढ़े तीन करोड़ रुपये हुई और फिर वर्तमान में यह फिर 90 लाख रुपये हो गई है। उनके पति मनुजेंद्र शाह की चल संपत्ति बीते पांच वर्ष में 30 करोड़ रुपये 46 करोड़ रुपये और अचल संपत्ति 130 करोड़ रुपये से 147 करोड़ रुपये हो गई है। इसके अलावा शाह परिवार के पास वर्तमान में हिंदू अविभाजित कुटुंब की संपत्ति साढ़े तीन करोड़ रुपये है। शैक्षिक योग्यता की बात करें तो वर्ष 1971 में माला राज्य लक्ष्मी शाह ने काठमांडू नेपाल स्थित रत्ना राजे लक्ष्मी कालेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई की है। उनके पास वर्तमान में करीब ढाई किलो सोने व हीरे के आभूषण हैं। साथ ही कई लग्जरी कार भी हैं। बैंक या अन्य संस्थाओं से शाह ने कोई ऋण नहीं लिया है, हालांकि उनके पति पर विभिन्न बैंक से करीब साढ़े 16 करोड़ रुपये का ऋण है। भाजपा प्रत्याशी पर किसी भी न्यायालय या पुलिस थाने में कोई वाद व मुकदमा विचाराधीन नहीं है। **बीजेपी प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत के खाते में हैं 59 लाख:** हरिद्वार। हरिद्वार संसदीय सीट से बतौर भाजपा प्रत्याशी नामांकन कराने वाले पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के पास महज 56 हजार की नकदी है। जबकि, उनकी पत्नी सुनीता के पास महज 32 हजार रुपये। हालांकि, त्रिवेंद्र के बैंक खाते में 59 लाख 88 हजार 913 रुपये और पत्नी के खाते में 94 लाख 80 हजार 261 रुपये जमा हैं। नामांकन पत्र के साथ दाखिल दिए गए शपथ पत्र में त्रिवेंद्र ने यह जानकारी दी है। भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शपथ पत्र में बताया कि उनके पास 40 ग्राम सोना है, जबकि पत्नी के पास 110 ग्राम। बाजार भाव के हिसाब से त्रिवेंद्र के पास मौजूद नकदी व सोने की कीमत 62 लाख 92 हजार रुपये है। पत्नी के पास मौजूद नकदी और सोना मिलाकर यह आंकड़ा एक करोड़ एक लाख 92 हजार 61 रुपये बैठता है।कृषि भूमि की बात करें तो त्रिवेंद्र के पास 47 लाख रुपये और पत्नी के पास 10 लाख 68 हजार रुपये मूल्य की कृषि भूमि है। गैर कृषि भूमि उनके पास छह लाख 94 हजार रुपये और पत्नी के पास 18 लाख रुपये मूल्य की है।पति-पत्नी के पास कोई व्यावसायिक संपत्ति नहीं है और दोनों पर कोई कर्ज भी नहीं है। हालांकि, 75 लाख रुपये की लायबिलिटी बताई गई है। त्रिवेंद्र के नाम 3.5 करोड़ रुपये और पत्नी के नाम 80 लाख रुपये का आवासीय भवन है। त्रिवेंद्र ने वर्ष 1983 में स्नातकोत्तर किया। **भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी की पत्नी सरकारी नौकरी पर :** पौड़ी। अनिल बलूनी की पत्नी दीप्ति जोशी सरकारी नौकरी पर हैं। उनकी पत्नी के पास 1 करोड़ 44 लाख 98 हजार 890 रुपये की चल अचल संपत्ति है। पौड़ी गढ़वाल से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी को पास कुल 1 करोड़ 10 लाख 27 हजार 401 रुपये की चल अचल संपत्ति है। जबकि राज्यसभा चुनाव के दौरान उनकी कुल संपत्ति 2 करोड़ 62 लाख 84 हजार 410 रुपये थी और कुल देनदारी 18 लाख 50 हजार 962 रुपये थी। मंगलवार को उन्होंने पौड़ी में नामांकन पत्र में अपनी कुल संपत्ति का ब्योरा दिया। इसमें चल संपत्ति में उनके पास 38 लाख 71 हजार 901 रुपये व अचल संपत्ति के रूप में 71 लाख 55 हजार 500 रुपये है। उनकी पत्नी दीप्ति जोशी सरकारी नौकरी पर हैं। उनकी पत्नी के पास 1 करोड़ 44 लाख 98 हजार 890 रुपये की चल अचल संपत्ति है। इसमें 1 करोड़ 8 लाख 26 हजार 890 रुपये की चल संपत्ति व 36 लाख 72 हजार की अचल संपत्ति है। **अल्मोड़ा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने सम्पत्ति और शिक्षा बढ़ाई:** भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा की पांच वर्ष में चल संपत्ति में चार गुना तो अचल संपत्ति दो गुना से ज्यादा बढ़ गई है। वर्ष 2019 में अजय टम्टा ने नामांकन के समय जो शपथ पत्र प्रस्तुत किए उसके अनुसार उनके पास 6,49,744 रुपये की चल संपत्ति थी जो सिर्फ पांच साल में चार गुना बढ़कर 26,58,611 पहुंच गई है। उनकी अचल संपत्ति में भी करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। राज्य गठन के बाद अल्मोड़ा संसदीय सीट वर्ष 2009 में पहली बार आरक्षित हुई। कांग्रेस ने प्रदीप टम्टा तो भाजपा ने अजय टम्टा को मैदान में उतारा। कड़े मुकाबले में प्रदीप टम्टा ने अजय टम्टा को हराकर संसद का सफर तय किया। इसके तहत तब उनके पास 6,49,744 और 37,31,375 रुपये कीमत की अचल संपत्ति थी। इस बार के लोकसभा चुनाव में उनकी चल संपत्ति 26,58,611 रुपये है जबकि अचल संपत्ति दो गुना से ज्यादा बढ़कर 75,40,000 रुपये हो गई है। अल्मोड़ा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने पांच सालों में संपत्ति के साथ ही शैक्षिक योग्यता भी बढ़ाई है।

# बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए घर जाकर मतदान कराने की व्यवस्थायें पूर्ण : जोगदंडे

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि मतदान की प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु राज्य में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं हेतु घर पर जाकर मतदान की व्यवस्था सुनिश्चत की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 85 आयु के राज्य में 65 हजार 160 मतदाता हैं। जिनमें से 10 हजार 390 आवेदन प्राप्त हुए हैं। राज्य में 80 हजार 330 दिव्यांग(पीडब्ल्यूडी) मतदाता हैं, उनमें से 5 हजार 576 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से वोटिंग के लिए आवेदन किया है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य में 11729 मतदेय स्थलों में मतदाओं के लिए न्यूनतम सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। 94 प्रतिशत मतदेय स्थलों में रैम्प, पेयजल, फर्नीचर, शेड की व्यवस्था 97 से 98 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि कुछ मतदेय स्थलों पर न्यूनतम सुविधाओं के अंतर्गत रैम्प, पेयजल, फर्नीचर, शेड आदि की वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी। सभी दिव्यांग श्रेणी के चिन्हित मतदाताओं और 85+ वर्ष के मतदाओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सक्षम एप की व्यवस्था की गई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन में शामिल सभी कार्मिकों के लिए निर्वाचन ड्यूटी के दौरान आवश्यकता पड़ने पर नि:शुल्क और कैशलेस चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। सरकारी और सूचीबद्ध अस्पतालों को इसमें शामिल किया जाएगा। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि सी-विजिल ऐप के माध्यम से अभी तक राज्य में 9 हजार 318 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, 8930 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है, 369 शिकायतें सही न पर जाने पर ड्रॉप की गई हैं एवं 19 शिकायतों पर विभिन्न स्तरों पर कार्यवाही गतिमान है।

# एसएसबी जवान और व्यापारी के बीच मारपीट

पिथौरागढ़। धारचूला अंतरराष्ट्रीय झूलापुल पर एसएसबी के जवान और व्यापारी के बीच मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को एसडीएम मंजीत सिंह और सीओ परवेज अली की अध्यक्षता में कोतवाली में एसएसबी के अधिकारियों और व्यापारियों के बीच बैठक हुई। नाराज व्यापारियों के साथ ही स्थानीय लोगों ने सीओ से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। बैठक में ब्लॉक प्रमुख धन सिंह धामी ने बताया कि झूला पुल पर एसएसबी के जवानों की ओर से चेकिंग के नाम पर बार-बार स्थानीय व्यापारियों के साथ ही लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा ने पुलिस प्रशासन की ओर से शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं होने पर झूला पुल और बाजार बंद करने की चेतावनी दी।व्यापार मंडल के महासचिव महेश गर्ब्याल, जनजाति व्यास संघर्ष समिति



अध्यक्ष राजेंद्र नबियाल, सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र बुदियाल आदि ने झूलापुल पर एसएसबी के जवानों की ओर से स्थानीय लोगों के साथ हो रही घटनाओं के बारे में सीओ को जानकारी दी। बैठक में एसएसबी की ओर से एसी जुबैर अंसारी, कोतवाल कुंवर सिंह रावत, नरेश रायपा, प्रवेश नबियाल, शंकर गर्ब्याल सहित कई लोग मौजूद रहे। सीओ परवेज अली ने बताया कि व्यापारी की तहरीर के आधार पर एसएसबी के जवान पर एससीएसटी एक्ट और आईपीसी की धारा 323 के तहत केस दर्ज की किया गया है। वहीं एसएसबी जवान की तहरीर पर धारा 332, 353 और 504 में केस दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। एसडीएम मंजीत सिंह ने जांच रिपोर्ट आने तक संयम रखने की अपील की है।

# सीएम धामी ने डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के निधन पर किया शोक व्यक्त

## एके 47 रायफल से गोली मारकर की गई हत्या,शीघ्र जांच के निर्देश



देहरादून/नानकमत्ता। (उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर में नानकमत्ता गुरुद्वारे के डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या मामले का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संज्ञान लिया है। सीएम धामी ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए डीजीपी अभिनव कुमार को दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। सीएम धामी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर लिखा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। सीएम धामी ने कहा घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। पुलिस के उच्चाधिकारियों को अतिशीघ्र समाज और मानवता के दुश्मन इन हत्यारों को गिरफ्तार करने के सख्त निर्देश दिए हैं। बता दें गुरुवार सुबह 6:15 से 6:30 के बीच दो बाइक सवार अज्ञात व्यक्तियों ने उधमसिंह नगर के गुरुद्वारे में घुसकर नानकमत्ता बाबा तरसेम सिंह पर गोलियां बरसाकर हत्या कर दी। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैली हुई है। घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार आज सुबह बाबा तरसेम सिंह कुर्सी पर बैठे थे। तभी अचानक सामने से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोलियां लगने से तरसेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, मौके पर उन्हें खटीमा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उनकी मौत हो गई। बता दें कि, इस हत्याकांड को नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जल्द होने वाले चुनाव से जोड़कर भी देखा जा रहा है। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है। बाबा तरसेम सिंह श्री नानकमत्ता गुरुद्वारे के कार सेवा प्रमुख थे। गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब में कार सेवा की देखरेख की जिम्मेदारी बाबा तरसेम निभाते थे। ऊधमसिंह नगर के गुरुद्वारे में बाइक पर आए हमलावरों ने नानकमत्ता बाबा तरसेम सिंह की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी। इलाके में सनसनी फैली हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने हमलावर की तलाश शुरू कर दी है। वहीं डीआईजी योगेंद्र रावत ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार, कार सेवा डेरा प्रमुख नानकमत्ता बाबा तरसेम सिंह (60) को मोटरसाइकिल से आए अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल तरसेम सिंह को इलाज के लिए खटीमा के निजी अस्पताल ले जाया गया है। जहां उनकी मौत हो गई। अस्पताल में तरसेम सिंह को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। हत्या की वारदात के बाद इलाके में अफरा-तफरी मची है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही हमलावर की तलाश में टीमों को लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार, नानकमत्ता में डेरा प्रमुख तरसेम सिंह को हमलावरों ने तीन सेकेंड में दो गोली मारी थी। हमलावर सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए है। एसएसपी मंजुनाथ टीसी का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। बाइक पर पीछे बैठे हमलावर ने दो गोली मारी। घटनास्थल से सुबूत जुटाने के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर है।उत्तराखंड पुलिस का कहना है कि नानकमत्ता गुरुद्वारा कार सेवा प्रमुख की हत्या और जांच के लिए एसआईटी की टीम गठित की गई है। नानकमत्ता में बाबा तरसेम की हत्या करने वाले आरोपी 19 मार्च से नानकमत्ता गुरुद्वारा की सराय में रह रहे थे। सराय में उनकी आईडी आधार कार्ड और हेल्थ कार्ड भी मिले हैं। इसके हिसाब से वह पंजाब के रहने वाले थे। लेकिन पुलिस को आशंका है कि आईडी फर्जी हो सकती है।

## अपराधियों का स्वर्णिम काल चल रहा है : यशपाल आर्य

रूद्रपुर। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई । भाजपा राज में डेरा प्रमुख भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या नहीं बल्कि कानून व्यवस्था की भी हत्या है। भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था एकदम ध्वस्त है। अपराधियों का स्वर्णिम काल चल रहा है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी. I डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# हादसे में घायल युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब एक माह पूर्व सड़क हादसे में घायल हुये युवक ने गत रात्रि अपने आवास में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी मिलने पर पुलि ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। जानकारी के अनुसार शारदा कालोनी निवासी शिशु पाल का 18 वर्षीय पुत्र पवन कुमार मजदूरी करता था। बताया जाता है कि गत 29 फरवरी के रात्रि वह मोटर



साईकिल संख्या यूके06-बीडी 5870 पर सवार होकर काशीपुर मार्ग स्थित पप्पू ढाबा के सामने से गाड़ी मोड़ रहा था कि इसी दौरान तेज गति से आते ट्रक संख्या एचआर38-एडी-7513 से उसकी भिड़न्त हो गई। ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घायल पवन को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय ले जाने के पश्चात एसटीएच,हल्द्वानी ले जाया गया जहां से नगर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती किया गया। बताया जाता है कि बीते दिनों पवन को चिकित्सालय से छुट्टी दे दी गई। गत रात्रि पवन ने घर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। ट्रक पुलिस की हिरासत में है। परिजनों का कहना है कि पवन के उपचार में करीब 5 लाख रूपये खर्च हो चुका था और आगे उसका उपचार कराने मे वह असमर्थ थे जिसके चलते वह पवन को घर ले आये थे।

# सचिन तेंदुलकर करेंगे बाबा नीब करौरी के दर्शन, जायेंगे मुनस्यारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय क्रिकेट टीम के मशहूर बल्लेबाज एवं क्रिकेट रत्न सचिन तेंदुलकर बृहस्पतिवार को कुमाऊं दौरे पर आ रहे हैं। वे बतौर मुख्य अतिथि पंतनगर में सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत की। इसके बाद उनका कैंची धाम दर्शन के साथ ही नैनीताल और कौसानी भ्रमण का कार्यक्रम बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सचिन और उनकी पत्नी



अंजलि तेंदुलकर बृहस्पतिवार को इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-7156 से 11.50 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचें। जिसके बाद उन्होंने सिडकुल में एक कार्यक्रम शामिल हुए। यहां से उनके सीधे कैंची धाम जाने की संभावना है, जहां दर्शन के बाद उनको नैनीताल में प्रवास करना है। तेंदुलकर परिवार के चार दिनी इस भ्रमण में रानीखेत, अल्मोड़ा, कौसानी और मुनस्यारी भी जाने की संभावना है। 31 मार्च को उन्हें इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई 7157 से 12.30 बजे वापस दिल्ली के लिए उड़ान भरनी है।

# अजय भट्ट की ऐतिहासिक रैली से कांग्रेस के हौंसले पस्तः विकास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने बीते दिवस गांधी पार्क में आयोजित भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की नामांकन रैली को ऐतिहासिक बताते हुए रैली में पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त किया है। विकास शर्मा ने कहा कि रैली में उमड़ी भीड़ से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। भीड़ ने साबित कर दिया है



कि इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट रिकार्ड मतों से विजयी होने वाले हैं। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि भाजपा की रैली को देखकर कांग्रेसियों के हौंसले चुनाव से पहले ही पस्त हो गये हैं। कांग्रेस को इस सीट पर प्रत्याशी ढूंढकर भी नहीं मिल रहा था अब जो प्रत्याशी कांग्रेस ने उतारा है उसे अपनी जमानत बचाना भी मुश्किल होगा। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के ध्येय पर काम कर रही है। यही वजह है कि आज भाजपा से हर वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं। भाजपा की लहर के चलते कांग्रेस में भगदड़ सी मच गयी है आने वाले दिनों में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल होंगे। श्री शर्मा ने कहा कि उत्तराखण्ड इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मुक्त हो जायेगा।

# युवक को अगवा करने की कोशिश,फायर झोंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं किच्छा मार्ग पर दो कारों में सवार कुछ लोगों ने पैदल जाते युवक को जबरन कार में अगवा करने की कोशिश की गई। जब युवक उनके चंगुल से बचकर भागने लगा तो कार सवारों ने उस पर फायर झोंक दिया। लेकिन युवक बच गया। आपबीती बताते सतवीर सिंह पुत्र पपेन्द्र सिंह निवासी खुटा खेड़ा थाना भोट जिला रामपुर ने बताया कि वह किच्छा मार्ग पर वाहन के एक शोरूम में काम करता है एंव ग्राहकों को गाड़ी दिखाता है। 26 मार्च की शाम वहाँ पर स्कोडा व एक स्कोरपियो कार में कुछ अज्ञात लोग बैठे हुए थे आए। उनके हाथ में धारदार हथियार एंव 315 बोर का कटटा था। सतवीर ने बताया कि वह तीनपानी एल शोरूम के बाहर ग्राहकों को गाडी दिखाकर शोरूम की ओर पैदल पैदल ग्राहकों के साथ आ रहा था तभी कार सवार उक्त लोग अपनी कार से आये और सामने से उसको अपनी कार से टक्कर मारी और उसे कार के अन्दर खीचने लगें। उसने अपने आप को बड़ी मुश्किल से उक्त लोगो से छुटवाया और सीधा शोरूम के अन्दर भागा। उक्त लोगों ने उसका पीछा किया। एक व्यक्ति ने उसके उपर सीधा फायर किया लेकिन गोली उससे बच कर निकल गई। उक्त लोग अपनी कार से फरार हो गयें। घटना के बाद उसे अपनी जानमाल का खतरा बना हुआ है।

# कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल कल दो दिवसीय भ्रमण पर पहुंचेंगे रामनगर

रामनगर(उद संवाददाता)।गुरुवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत रावत ने पार्टी के चुनाव कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि पौड़ी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल शुक्रवार से दो दिवसीय रामनगर विधानसभा में भ्रमण करने के साथ ही जनता और कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रत्याशी के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा



तैयारियां की जा रही है। इसके साथ ही पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कहा कि बीते दिवस कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की अपार भीड़ इसका उदाहरण है कि इस सीट पर पार्टी प्रत्याशी की जीत निश्चित रूप से होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस सीट पर पार्टी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में भ्रष्टाचार बेरोजगारी महंगाई घोटाले के साथ ही अंकित भंडारी हत्याकांड जैसे जघन्य अपराध को लेकर जनता के बीच जाएगी तथा पार्टी के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर केंद्र व राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों को भी पहुंचाने का काम करेंगे।

# कैमिकल फैक्ट्री के मालिक के ठिकानों पर केंद्रीय जांच टीम का छापा

हरिद्वार। हरिद्वार में एक केमिकल फैक्ट्री के मालिक के यहां दिल्ली से आई टीम के छापे की खबर है। सूचना यह भी है की टीम हरिद्वार में सुबह से ही इस बड़े उद्यमी के चार मकानों में दस्तावेजों की जांच में जुटी है। इनमें से एक मकान पॉश कॉलोनी में है। यहां पर टीम सुबह से ही डेरा डाले हुए थी। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान कारोबारी से जुड़े तमाम दस्तावेज भी टीम ने अपने कब्जे में लिए हैं। वहीं स्थानीय पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। उनका यही कहना है कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस के कुछ सूत्रों ने यह जरूर कहा कि टीम तो है पर टीम ईडी की है, जीएसटी की या किसी अन्य विभाग की यह जानकारी नहीं है।

# घर के आगे से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं अज्ञात वाहन चोरों ने ग्राम दानपुर में घर के आगे खड़ी चोर ली कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में महेश सिंह बिष्ट पुत्र जीवन सिंह बिष्ट निवासी ग्राम दानपुर ने कहा है कि 26 मार्च को सांय उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एटी 5986 को लॉक लगाकर घर के बाहर खड़ा किया था। 27 मार्च को सुबह बाहर आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी जो कि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी थी। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विवेक दीप सिंह को दी बधाई

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह के विगत दिनों परिणय सूत्र में बंधने पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष पत्र के माध्यम से बधाई संदेश के साथ उज्जवल वैवाहिक भविष्य की कामना की है। शादी के इस समारोह में अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की थी तथा नव दंपति को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देकर अनुग्रहित किया था। इसी क्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नव दंपति को अपना आशीर्वाद दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नव दंपति के सुखद एवं स्नेहपूर्ण मंगल जीवन की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी है।

# नशा मुक्ति को लेकर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

बाजपुर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में हिंदी विभागीय परिषद द्वारा नशा मुक्त अभियान के प्रचार-प्रसार, जागरूकता के लिए क, ख और ग वर्ग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जब मैंने एक नशाखोर को देखा, नशे का युवा-युवाओं पर प्रभाव, फिल्म, समाज और नशा, नशे के केन्द्र में शिक्षण संस्थान, नशा मेरे आसपास और मेरी सावधानी, नशा और नशा मुक्त उत्तराखण्ड को लेकर मेरी सोच, और मेरी बात: जब नशे के कारण पड़ोस का एक हँसता-मुस्कुराता परिवार उजड़ गया आदि विषयों पर बहुत बेबाकी से अपने- अपने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता के क वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की अंशिका गुप्ता प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की अंजली द्वितीय, बीए चतुर्थ सेमेस्टर के राहुल सिसौदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के ख वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की काजल प्रथम, बीए चतुर्थ सेमेस्टर की मन्तशा बी और कविता



संयुक्त रूप से द्वितीय और द्वितीय सेमेस्टर की दिव्या तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार ग वर्ग में बीए द्वितीय सेमेस्टर की उजमा खान ने प्रथम, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की उर्वशी सैनी द्वितीय और बीए चतुर्थ सेमेस्टर के सुखप्रीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक योग विज्ञान विज्ञान के डॉ. रंजीत, वर्तमान छात्रसंघ उपाध्यक्ष आरती और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक कुमार चौधरी थे। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केके पांडे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली जैसे पवित्र पर्व का स्वरूप नशे के कारण बिगड़ गया है, अतः इस बात का ध्यान रहे कि ये नशा, जो कि हजारों लाखों परिवारों को लील चुका है, हम इससे सावधान रहें और अपनी ऊर्जा, समय और समझ को देशहित में उपयोग करें। हिंदी विभाग के डॉ. खेमकरण सोमन ने भांग, गांजा, चरस, ब्राउन शुगर, हेरोइन और कोकीन का उल्लेख करते हुए वाडा (वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी) और नाडा (नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी) के विषय में विस्तार से बताते हुए नशे का जीवन, समाज और देश पर पड़ रहे नकारात्मक प्रभाव के विषय में बताया। इस अवसर पर हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. संगीता, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विशाल कुमार, छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार, छात्रसंघ उपाध्यक्ष पंकज कुमार बिपाशा, दीपा सागर, सोनम, नितिका, आदित्य पांडे, मंजू, गुनगुन सिसौदिया और विवेक सैनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. खेमकरण सोमन ने किया।

# तमंचा कारतूस सहित बदमाश गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने एक बदमाश को एक अवैध तमंचा व दो कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उपनि0 पंकज सिह महर, कानि. भवानी राम व प्रवीन सिह रावत क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गाबा चौक के पास एक व्यक्ति मोटर साइकिल सहित सडक किनारे अंधेरे में खडा दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड लिया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुये हम पुलिस वालो को देखकर भागने का कारण पूछा तो पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम पता बिसारत पुत्र शहादत हुसैन निवासी मौहल्ला मुस्तबाबाद थाना कटघर जिला मुरादाबाद बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध तमन्चा 315 बोर तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने तमंचा कारतूस कब्जे में लेकर बिरासत को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# उत्तराखंड में पांचों सीटों पर हुए 63 नामांकन

## अंतिम दिन 37 प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ किया नामांकन, 30 मार्च तक नाम वापसी

देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के आखिरी दिन उत्तराखंड में 37 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस तरह पांच लोकसभा सीटों पर कुल 63 नामांकन आए हैं। अब बृहस्पतिवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 तक नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। बुधवार को नामांकन का आखिरी दिन था। मंगलवार तक प्रदेश में 26 नामांकन आए थे, जिनकी संख्या बुधवार को बढ़कर 63 पहुंच गई। इनमें सबसे ज्यादा 21 नामांकन हरिद्वार लोकसभा सीट में हुए हैं। इनके अलावा गढ़वाल सीट में 13, टिहरी में 11, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर में 10 और अल्मोड़ा में आठ नामांकन हुए हैं। बुधवार को शक्ति प्रदर्शन के साथ चार घंटे के भीतर 37 नए नामांकन हुए हैं। हालांकि इनमें कई प्रत्याशी ऐसे हैं, जिन्होंने अपने नाम से ही दो से तीन नामांकन किए हुए हैं। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने बताया कि बृहस्पतिवार को पांचों सीटों पर आए नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। सही जानकारी न होने पर नामांकन पत्र निरस्त किए जा सकते हैं। सीसीटीवी की निगरानी में नामांकन पत्रों की बारीकी से जांच होगी। 30 मार्च को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी। राज्य गठन के बाद से अब तक चार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। वर्ष 2004 के चुनाव में कुल 54 प्रत्याशी, 2009 चुनाव में 76, 2014 चुनाव में 74 और 2019 के चुनाव में 52 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था।




## निर्वाचन टीमों के लिए लगाये गये छोटे और बड़े वाहनों का शुल्क बढ़ाया

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री विजय कुमार जोगदंडे ने बुधवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि अभी तक इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ई.एस.एम.एस) के अंतर्गत राज्य में अभी तक 03 करोड़ 60 लाख मूल्य की जब्ती हुई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन टीमों को पोलिंग बूथ तक ले जाने के लिए जिन वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा, इस बार उनका किराया बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि पहले छोटे वाहनों के लिए 750, बड़े वाहनों के लिए 1800 शुल्क तय किया गया था, इस बार इसको बढ़ाते हुए छोटे वाहनों के लिए 1430 बड़े वाहनों के लिए 2840 और 30 सीटर से बड़े वाहनों के लिए 3800 प्रतिदिन के हिसाब से किराया शुल्क तय किया गया है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी वाहनों को ईंधन का शुल्क अलग से वहन किया जायेगा। वाहन चालकों के लिए पहली बार 150रू प्रतिदिन उनके खान-पान के लिए और रू 200 प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियों के साथ जाने वाले वाहनों के चालकों को रहने और खाने की व्यवस्था संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से की जाएगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जानकारी मिली है कि निर्वाचन के समय शादियों की तिथियां भी आ रही है, इसको देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारियों, आरटीओ, एआरटीओ को निर्देश दिए गए हैं कि इस तरह से वाहनों का प्रबंध करें कि वैवाहिक कार्यक्रमों हेतु पर्याप्त संख्या में वाहन उपलब्ध रहे।

## हमें स्टार प्रचारकों की जरूरत नहीं : गोदियाल

### पौड़ी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने किया नामांकन दाखिल, भाजपा पर जमकर बरसे

पौड़ी (उद संवाददाता) संसदीय सीट से बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने नामांकन दाखिल कर लिया है। आज नामांकन का आखिरी दिन है। बुधवार को पौड़ी से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने भी नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के बाद रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा में भारी संख्या में पहुंचे लोगों से गणेश गोदियाल ने पौड़ी लोकसभा सीट के मतदाताओं से आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की।जनसभा में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी सरकार में जनता महंगाई ,भ्रष्टाचार और बरोजगारी से जनता त्रस्त है। साथ ही राजनीतिक दलों का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार गढ़वाल की जनता उन्हें जिताना चाहती है। उन्होंने कहा कि हमें स्टार प्रचारकों की जरूरत नहीं है। उत्तराखंड की जनता व संगठन के लोग ही उनके स्टार प्रचारक है। वहीं गणेश गोदियाल ने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सैन्य बाहुल प्रदेश है और अग्निवीर जैसी योजना के साथ पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कांग्रेस संघर्ष करेगी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर सियासी हमला बोलते हुए कहा कि कुछ लाग एक महिने के लिए आते हैं लेकिन गढ़वाल की बेटियों की सुरक्षा और विकास को लेकर कोई कमेंट नहीं करते है। उन्होंने कहा कि राज्य में बढ़ती बेरोजगारी को समाप्त किया जायेगा। कहा कि बीजेपी की सरकार 10 साल से है लेकिन इस कार्याकाल में अच्छे दिन क्या हुआ। इसके साथ उन्होंने काला धन पर भी भाजपा को आड़े हाथों लिया। कहा कि पीएम मोदी ने विदेशों से कालाधन लाने की बात कही थी, साथ ही लोगों के खाते में 15- 15 लाख रुपये आने का वादा किया था, लेकिन आज तक न तो काला धन वापस आया, ना ही लोगों के खाते में 15 लाख रुपये आए। इसके अलावा उन्होंने भूकानून, मूल निवास समेत तमाम मुद्दों पर बात कही।कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने प्रथम सीडीएस विपिन रावत की मौत की जांच पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि उनकी मौत कैसे हुई। इसका खुलासा नहीं हो पाया। इस दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण, सुरेंद्र सिंह नेगी, नरेंद्रगर से पूर्व विधायक ओमगोपाल रावत ,रणजीत रावत, प्रो. जीतराम, मनोज रावत आदि ने जनता को संबोधित किया।



## अल्मोड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने वरिष्ठ नेताओं के साथ किया नामांकन

### प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा,कुंजवाल सहित सभी विधायक पहुंचे

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, धारचूला विधायक हरीश धामी, चंपावत के पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल सहित पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर के कार्यकर्ता बढ़ी संख्या में अल्मोड़ा पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर को दिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नगर के चौघानपाटा में जनसभा की। प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों ने जनता त्रस्त हो चुकी है। जनता का भरोसा कांग्रेस पर बढ़ा है। निश्चित तौर पर कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव में जीतेगी और भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में पूरी जी-जान से जुटने की अपील की। प्रदीप टम्टा ने कहा कि विपक्षी सांसद ने 10 वर्षों में अल्मोड़ा संसदीय सीट की सुध नहीं ली। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनता परेशान है। जिसका परिणाम आने वाले चुनाव में दिखेगा। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस केंद्र में अपनी सरकार बनाएगी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, विधायक मनोज तिवारी, विधायक हरीश धामी, ललित फर्स्वाण, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे। अब 2024 के चुनाव में लगातार चौथी बार अजय टम्टा और प्रदीप टम्टा अल्मोड़ा संसदीय सीट पर दोनों एक बार फिर आमने-सामने होंगे। उम्मीद है कि दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने फिर से दोनों ही दिग्गजों पर ही अपनी मुहर लगाई।



## भाजपा ने जगह जगह खड़े किए राजनीतिक सुपारी किलर : हरदा

### हरिद्वार सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह रावत ने ढोल नगाड़ों के साथ किया नामांकन

हरिद्वार(उद संवाददाता)। हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत ने अंतिम दिन नामांकन से पहले पैदल रोड शो निकाला। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने जिले भर से अपने समर्थकों की भीड़ जुटाई। इंडिया गठबंधन के साथ ही कांग्रेस के सभी गुटों के नेता भी इस रोड शो में नजर आए। रोड शो के दौरान वीरेंद्र रावत ने रोशनाबाद पहुंच कर नामांकन किया। वीरेंद्र रावत ने हरकी पैड़ी पहुंच कर गंगा पूजन किया। इसके बाद ऋषिकुल मैदान से पैदल रोड शो की शुरुआत हुई। यहां से अपने पिता हरीश रावत एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीरेंद्र रावत का पैदल रोड शो ढोल नगाड़ों के साथ मध्य हरिद्वार की तरफ रवाना हुआ और नेहरू यूथ हॉस्टल में संपन्न हुआ। रोड शो में पूर्व दर्जाधारी संजय पालीवाल, मंगलौर के पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी, कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मनीष कर्णवाल समेत शहर और देहात के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के समर्थक शामिल रहे। रोड शो के दौरान ही वीरेंद्र रावत बीच से भगवानपुर विधायक ममता राकेश के साथ रोशनाबाद पहुंची और नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं चुनाव प्रचार के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करने वाली कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव के मैदान में जुट गई है। हरदा ने हरिद्वार सीट से भाजपा प्रत्याशी के मुकाबले में पीएम मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को लेकर भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह भाजपा का अहंकार है और अहंकार का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जगह जगह राजनीतिक सुपारी किलर खड़े किए हैं। हरिद्वार में कांग्रेस के रोड शो में शामिल हुए हरीश रावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस तरह से बिहार में ओवैसी की पार्टी ने वोट काटकर तेजस्वी यादव को नुकसान पहुंचाया था और तेजस्वी सरकार बनते-बनते रह गई थी। उसी तरह का प्रयोग भाजपा उत्तराखंड में भी करने की कोशिश कर रही है। भाजपा ने कई राजनीतिक सुपारी किलर खड़े कर रखे हैं जो धनबल के जरिए कांग्रेस के वोट काटकर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की साजिश में लगे हैं। जनता ऐसे लोगों की पहचान उन्हें नकारेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने उनके पुत्र और कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में टिकट देकर सबका मान रखा है। कुछ लोग जो कांग्रेस के कार्यकर्ता भी नहीं थे और कांग्रेस का टिकट किसी खुमचे में जाकर गोलगप्पे की तरह मांग रहे थे।





## चुनावी रण में बेटे के सारथी बने हरीश रावत

हरिद्वार। हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के रण में कांग्रेस ने उत्तराखंड के लोकप्रिय नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत के पुत्र और कांग्रेस के युवा चेहरे वीरेंद्र रावत पर दांव खेला है। युवा वीरेंद्र के पीछे अनुभवी और खांटी राजनीतिज्ञ हरीश रावत का हाथ है। बेटे के चुनाव प्रचार के रथ के सारथी हरीश रावत ही बने हैं। कुल मिला कर हरिद्वार के समर में बेटे के साथ ही इस दिग्गज नेता की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। टिकट का एलान होने से पहले सिर्फ कांग्रेसी ही नहीं, भाजपा में भी यही माना जा रहा था कि मुकाबला दिग्गज हरीश रावत से ही होगा, लेकिन सबसे आखिर में कांग्रेस आलाकमान ने हरीश रावत की गारंटी पर उनके बेटे वीरेंद्र रावत को टिकट दे दिया, इसलिए सियासी जानकार हरिद्वार के लोकसभा चुनाव को हरीश रावत के राजनीतिक भविष्य से जोड़ कर देख रहे हैं। पूर्व सीएम हरीश रावत सोशल मीडिया पर कार्यकर्ताओं से मान रखने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं के लिए लिखा है कि अपने आपको हरीश रावत समझकर कांग्रेस की जीत के लिए काम करें। उन्होंने किसी भी पद पर रहते हुए कार्यकर्ताओं के लिए भी दरवाजे बंद नहीं किए और न ही निराश किया। कार्यकर्ताओं के लिए अपने प्रतिष्ठा को दांव पर लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज उनके राजनीतिक विवेक और समझ का इम्तिहान है।



# एकतरफा है लोकसभा चुनाव: धामी

रामनगर (उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को हल्द्वानी और रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के बाद दोपहर को रामनगर में ढिकुली स्थित एक रिसॉर्ट में पहुंचे। जहां विधायक दीवान सिंह बिष्ट, नगर अध्यक्ष मदन जोशी सहित कई कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री धामी का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर काय 'कर्ताओं की बैठक लेते हुए कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य की योजनाएं ज्यादा से ज्यादा जनता के बीच पहुंचाने की अपील करने के साथ ही कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी हित में कार्य करने की अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए बताया कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव इस बार देश में नया इतिहास रचेगा। उन्होंने कहा कि इस बार



लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचो सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की 2014 में हुई जीत से भी एक बड़े अंतर के साथ जीत दर्ज होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बहुमत के साथ सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड की जनता को डबल इंजन की सरकार का लाभ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मिला है तो वहीं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव भी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की कई लंबित परियोजनाओं को भी आज स्वीकृति मिलने के बाद काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के साथ ही विभिन्न दलों के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में हमारे से जुड़ रहे हैं उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस में टिकट लेने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं जिससे साफ तौर पर जाहिर है कि यह चुनाव पूरी तरह एक तरफ होगा तो वहीं उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में जो जनता से वादे किए थे आज सरकार उन्हें पूरा कर रही है चाहे प्रदेश में यूसीसी कानून लागू करने की बात हो या नकल विरोधी कानून के साथ ही दंगा विरोधी कानून बनाने की बात हो उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता से किए वादों को पूरा करने का काम किया है तथा आज देश और प्रदेश की जनता दोनों सरकारों के कामकाज से पूरी तरह खुश है।

# फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

खटीमा (उद संवाददाता)।होली के दिन बिचपुरी में हुई फायरिंग के मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने जिस रिवाल्वर का इस्तेमाल इस्तेमाल किया वह लाइसेंसी था। पुलिस ने आरोपी के लाइसेंसी रिवाल्वर के निरस्तीकरण की संस्तुति कर दी है।बिचुपरी निवासी दान सिंह राणा ने पुलिस को



सौंपी तहरीर में कहा था कि 25 मार्च को होली के दिन लगभग दो बजे तीन लोग स्कूटी से फिसल कर गिर गए थे। जिन्हें उन लोगों ने उठाया, लेकिन चार बजे भरत चंद सहित तीनों आरोपी आए और उनमें से भरत चंद ने उन्हें धमकाते हुए तीन राउंड हवाई फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने भरत चंद, विनोद चंद, सुभाष चंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। चकरपुर चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी ने भरत चंद उर्फ भग्गी निवासी पटिया को मंगलवार की सुबह उसके घर से उसकी लाइसेंसी रिवाल्वर 32 बोर तथा 7 जिंदा एवं 3 खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के लाइसेंसी शस्त्र के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# कसौधन समाज ने प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कसौधन समाज ने अपना प्रथम होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। जिसमे समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि मोहनलाल गुप्ता, महिला वैश्य समाज की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, पटवा समाज से अध्यक्ष विवेक कश्यप, जयसवाल समाज से अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल, साहू समाज से अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू व महामंत्री रामबाबू साहू ने उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित करके अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में समाज के 6 प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक व फैंसी ड्रेस का प्रोग्राम किया। इस मौके पर वितरित कूपन पर लकी ड्रा भी किया




गया। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार से सहित 45 इनाम बाटें गए। मंच का संचालन महामंत्री उदय कसौधन गुप्ता व अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में गुरु प्रसाद गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, हनी गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी व समाज के कई गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं और बच्चों ने इस प्रोग्राम में अपनी उपस्थिति दर्ज करके प्रोग्राम को सफल बनाया।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में शत प्रतिशत मतदान हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी उदय राज सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में 31 बटैलियन पीएसी ऊधम सिंह नगर के कर्मचारियों तथा परिवारों को मतदान देने हेतु स्वीप के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जहां बटालियन तथा उनके परिवार के सदस्यों



द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से 31 पीएसी मे प्रदर्शित किया गया तथा सेनानायक श्रीमती प्रीति प्रियदर्शनी द्वारा सभी को मतदान करने हेतु शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने सभी कर्मचारियों तथा परिवार जनों के साथ मतदान हेतु हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी किया गया तथा सभी मतदाताओं को आगामी लोक सभा चुनाव 19 अप्रैल को सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।सभी ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को पोस्टल बैलट के माध्यम से वोट कराने हेतु बताया गया। इस अवसर पर सहायक सेनानायक तपिश चंद,जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ,जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, पिंकेश आदि उपस्थित रहे।

# जवानों को दी पोस्टल बैलेट से मतदान की जानकारी

सितारगंज। सितारगंज एसएसबी कैंप में बुधवार को जवानों को पोस्टल बैलेट से मतदान की जानकारी दी गई। नगर आयुक्त नोडल ईटीपीबीएस विवेक राय, सहायक नोलड अधिकारी विशाल ने जवानों को बताया कि पोस्टल बैलेट एक डाक मत पत्र



होता है। चुनाव आयोग पहले ही चुनावी क्षेत्र में डाक मतदान करने वालों की संख्या को निर्धारित कर लेता है, इसलिए केवल उन्हीं लोगों को पोस्टल बैलेट भेजा जाता है। मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देकर इसे डाक या इलेक्ट्रॉनिक तरीके से वापस चुनाव आयोग के सक्षम अधिकारी को लौटा देता है। प्रशिक्षण के दौरान एसएसबी के कमांडेंट अनुराग, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विवेक राज मौजूद रहे।

# नैनीताल सीट पर कुल दस प्रत्याशियों ने कराये नामांकन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर लोक सभा क्षेत्र में कुल 10 प्रत्याशियों द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। जिला सूचना अधि





कारी ने बताया कि आज नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन सबसे पहले निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रमेश कुमार पुत्र नरेश चन्द्र ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उसके बाद भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी के प्रत्याशी के रूप में जीवन चन्द्र उप्रेती पुत्र मोती राम उप्रेती, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अजय भट्ट पुत्र कमलापति भट्ट ,अखिल भारतीय परिवार पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर अखिलेश कुमार पुत्र धरमवीर सिंह,हितेश पाठक पुत्र कैलाश चन्द्र पाठक ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में, कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी पुत्र नारायण दत्त जोशी और बीएसपी प्रत्याशी के रूप में अख्तर अली पुत्र अब्दुल कलीम द्वारा बुधवार को नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के लिए जिला अधिकारी न्यायालय कक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर उदय राज सिंह के समक्ष अपने नामांकन दाखिल किए। नामांकन दौरान रिटर्निंग ऑफिसर ने प्रत्याशियों को संविधान की शपथ भी दिलाई। जबकि इससे पूर्व कल तक तीन प्रत्याशियों द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया था। इस तरह नैनीताल - उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र में कुल 10 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन कराए गए । 28 मार्च को नामांकन पत्रों की स्कूटनी होगी । इस अवसर पर डेजिगनेटेड रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिष्ट मौजूद थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जुटे भाकपा माले कार्यकर्ता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाकपा (माले) नेता और कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन से नैनीताल उधमसिंहनगर के कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी के नामांकन में बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर माले केंद्रीय कमेटी सदस्य डा. कैलाश पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि, मोदी सरकार देश की जनता के लिए आपदा बन चुकी है इसलिए इस लोकसभा चुनाव में इस सरकार का जाना बेहद जरूरी है। न खाऊंगा और न खाने दूंगा के मोदी जुमले की पोल चुनावी बॉन्ड योजना के महा भ्रष्टाचार ने खोल कर रख दी है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली मोदी सरकार ने बड़ी कंपनियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए घूस के रूप में अरबों रुपए का चंदा लिया यह बात पूरी तरह उजागर हो चुकी है। पूरे देश को परिवार बताने वाले प्रधानमंत्री का परिवार उनके कुछ चहेते पूंजीपति हैं यह बात जनता के



सामने आ चुकी है। देश की जनता चुनावी बॉन्ड के इस महा भ्रष्टाचार के लिए मोदी और भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी और लोकसभा चुनाव में इसके लिए करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि, नैनीताल उधमसिंहनगर लोकसभा क्षेत्र के मौजूदा बीजेपी सांसद का कार्यकाल बेहद निराशाजनक रहा है। उनके पांच साल के रिपोर्ट कार्ड में केवल एक उपलब्धि है कि वे अपनी सांसद निधि का पैसा तक खर्च नहीं कर पाए। ऐसे सांसद को यहां की जनता हराने और इंडिया गठबंधन को जिताने का मन बना चुकी है। माले राज्य कमेटी सदस्य के के बोरा ने भारतीय संविधान और लोकतंत्र को बचाने हेतु इंडिया गठबंधन को जिताने व उत्तराखण्ड विरोधी बीजेपी को लोकसभा चुनाव में हराने के लिए एकताबद्ध रूप में मोर्चाबंद संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। माले की ओर नामांकन में केंद्रीय कमेटी सदस्य डा. कैलाश पाण्डेय, राज्य कमेटी सदस्य के के बोरा, उधमसिंहनगर जिला सचिव ललित मटियाली, सिडकुल श्रमिक संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष और ऐक्टू जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, आइसा राज्य सचिव धीरज कुमार, मजदूर नेता किशन बघरी, अनीता अन्ना,अफसर अली,अली मुस्तफा , हबीब, विजय कुमार शर्मा आदि समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राजस्व निरीक्षकों की हड़ताल से हो रही परेशानियों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन

बाजपुर( उद संवाददाता)। राजस्व निरीक्षकों की चल रही हड़ताल से हो रही परेशानियों को दूर करने की मांग को लेकर लोगों ने एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजकर इस समस्या को तत्काल दूर करने की मांग की है। इन लोगों ने नैनीताल जिले की तर्ज पर यहां भी प्रमाण पत्रो सम्बंधी कार्य को सुचारू रूप जारी रखने के लिये सर्म्बधितो को आदेशित करने की मांग की है। बुधवार को जिला पंचायत सदस्य हरजसपाल सिंह हैरी और अजीतपाल सिंह के साथ गांव चकरपुर के लोग एसडीएम कोर्ट पहुंचे। यहां पर इन लोगों ने एसडीएम राकेश तिवारी को मांग पत्र देकर कहा कि पूरे जिले में राजस्व उपनिरीक्षकों की हड़ताल चल रही है। इस हड़ताल से प्रमाण पत्रों को बनवाने मे कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और स्कूलो में लगातार बच्चो से जाति, स्थाई, आय प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। ये प्रमाण पत्र नहीं बनने से बच्चों के प्रवेश आदि में परेशानी हो रही है साथ ही उत्तराखण्ड में पी०सी०एस० की भर्ती हेतु आवेदन करने वाले युवक युवतियों को भी परेशानियां हो रही हैं जिससे भविष्य अंधकार में है। इन लोगों ने तत्काल नैनीताल जिले की तर्ज पर उधम सिंह नगर जिले में भी उपरोक्त प्रमाण पत्रों सम्बंधी कार्य को सुचारू रूप जारी रखने के लिये सर्म्बधितो को आदेशित करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रधानपति सुनील कुमार, शिवम शर्मा, करनदीप सिंह, आकाश राणा आदि मौके पर मौजूद थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# घाटी की सुरक्षा और भरोसा

यह जम्मू-कश्मीर के लिए बड़ी राहत की बात होगी, अगर केंद्र सरकार वहां से सशस्त्र बल अधिनियम यानी अफस्पा हटा कर नागरिक ठिकानों की सुरक्षा-व्यवस्था पुलिस को सौंप दे। केंद्रीय गृहमंत्री ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है। जल्दी ही वहां विधानसभा चुनाव कराने और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी पूरी तरह पुलिस के हाथों में सौंप देने का वचन दोहराया है।सरकार का मानना है कि अब घाटी में आतंकवाद पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका है। आतंकी संगठनों को वित्तपोषण करने वाले व्यक्तियों को सलाखों के पीछे डाला जा चुका, उनकी परिसंपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं और उनके बैंक खाते बंद कर दिए गए हैं। कई आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद उनकी सक्रियता समाप्त हो गई है। अब वहां की पुलिस भी सुरक्षा-व्यवस्था संभालने के मामले में सक्षम हो चुकी है।हालांकि वहां से अफस्पा हटाने की मांग लंबे समय से की जाती रही है, मगर विशेष राज्य का दर्जा समाप्त होने के बाद जिस तरह वहां अलगाववादी ताकतें सक्रिय हो गई थीं, उसके मद्देनजर अधिक संख्या में सेना को उतारना और अफस्पा को लगाए रखना जरूरी हो गया था। अब वहां विधानसभा चुनाव की मांग भी जोर पकड़ रही है, ऐसे में जैसा कि केंद्र सरकार मानती है, वहां आतंकवाद कमजोर हुआ है, अफस्पा हटाने का फैसला एक बड़ा कदम साबित होगा।दरअसल, अफस्पा के तहत सशस्त्र बलों को शक के आधार पर किसी की भी गिरफ्तारी, बिना किसी मंजूरी के तलाशी और गोली तक चला देने के अधिकार मिले होते हैं। इससे घाटी में सेना पर ज्यादतियों के आरोप लगते रहे हैं। फर्जी मुठभेड़ों, बड़ी संख्या में नागरिकों के लापता होने, मानवाधिकारों के हनन और बेकसूर लोगों के मारे जाने की ढेरों शिकायतें दर्ज हैं। वैसे भी नागरिक ठिकानों पर सशस्त्र बलों की तैनाती जनतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से अच्छी बात नहीं मानी जाती। कानून-व्यवस्था राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र का विषय है। मगर अफस्पा के तहत सशस्त्र बलों की तैनाती की जाती है, तो उससे राज्य के अधिकारों का हनन भी होता है। हालांकि इस वक्त जम्मू-कश्मीर में कोई राज्य सरकार नहीं है, पर नागरिक अधिकारों के लिहाज से सशस्त्र बलों की तैनाती और उन्हें अफस्पा का अधिकार दिया जाना उचित नहीं माना जाता है। वैसे भी सेना को नागरिक क्षेत्रों की सुरक्षा का प्रशिक्षण नहीं दिया जाता। उन्हें कानून-व्यवस्था संबंधी मामलों की समझ भी नहीं होती। पुलिस को न केवल नागरिक सुरक्षा, बल्कि अनेक स्थानीय विवादों को निपटाने की भी जिम्मेदारी होती है, वह सशस्त्र बलों की मौजूदगी से बाधित होती है। घाटी में सशस्त्र बलों की सघन मौजूदगी की वजह से स्थानीय नागरिकों में रोष देखा जाता रहा है। इससे सरकार की नागरिकों से दूरी भी बढ़ती है। अगर नागरिक ठिकानों से सेना को हटा दिया जाता है, तो सरकार की योजनाओं की पहुंच भी स्पष्ट नजर आएगी। स्वाभाविक है, इससे नागरिकों का सरकार पर भरोसा बनेगा। इस तरह विधानसभा चुनावों के बाद सरकारी गतिविधियों के लिए एक समतल जमीन बन सकेगी। इस वक्त जम्मू-कश्मीर में सबसे जरूरी है सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास बहाली की। इसके बिना स्थानीय युवाओं में भटकाव को दूर करना और उन्हें आतंकी गतिविधियों से मोड़ कर मुख्यधारा में लाना कठिन ही बना रहेगा, क्योंकि अफस्पा के चलते वहां के लोगों के भीतर अनेक प्रकार की कड़वाहटें भरी हुई हैं।

# राज्यपाल ने निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ की बैठक

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विकास एवं प्रगति में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है, विश्वविद्यालय यह प्रयास करें की शोध एवं अनुसंधान का लाभ प्रदेश, युवाओं और आम आदमी को मिले। उन्होंने कहा कि निःसंदेह हमारे प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय गुणवत्तापरक के साथ-साथ शिक्षा को रोजगारपरक बनाकर इस क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। उन्होंने सभी निजी एवं राजकीय विश्वविद्यालय आपसी समन्वय पर जोर देते हुए विश्वविद्यालयों की सर्वोत्तम प्रथाओं (बेस्ट प्रैक्टिसेज) आपस में साझा करने और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के कुलपतियों से अपेक्षा की कि वे उत्तराखण्ड के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग के लिए अपेक्षित सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के द्वारा बनाए जा रहे उत्पाद बेहतरीन हैं उन्हें केवल पैकेजिंग और ब्रांडिंग किए जाने की जरूरत है। विश्वविद्यालयों को विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं के समाधान हेतु शोध एवं अध्ययन को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने सभी कुलपतियों से अपेक्षा की कि वे विश्वविद्यालयों की बैस्ट प्रैक्टिसिज एवं उपलब्धियों को राजभवन और शासन के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि बदलते समय में विश्वविद्यालयों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेटा तथा क्वांटम जैसी नवीन तकनीकों को अपनाकर उसमें शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना होगा। बैठक में कुलपतियों द्वारा उनके विश्वविद्यालय में अपनायी जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेज, उपलब्धियों व अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने राज्य के विशिष्ट विकास पर विश्वविद्यालयों द्वारा किए जा रहे अनुसंधान एवं शोध पर जानकारी दी। इसके अलावा कुलपतियों द्वारा इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए विश्वविद्यालयों द्वारा किए गए प्रयासों तथा छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने के बारे में संक्षिप्त जानकारियां दी। इस बैठक में सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन के अलावा यूपीईएस उत्तरांचल विश्वविद्यालय देहरादून, मदरहुड विश्वविद्यालय रूड़की, महाराज अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय पोखड़ा, पौड़ी गढ़वाल, क्वांटम विश्वविद्यालय रूड़की, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय देहरादून, सरदार भगवान सिंह विश्वविद्यालय देहरादून, भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार विश्वविद्यालय रूड़की, सूरजमल विश्वविद्यालय काशीपुर ऊधमसिंहनगर, कोर विश्वविद्यालय रूड़की, हिमगिरी जी विश्वविद्यालय, देवभूमि विश्व विद्यालय, देहरादून, देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार, आम्रपाली विवि, हिमालयीय विश्व विद्यालय के कुलपति उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय देहरादून, इक्फाई विश्वविद्यालय देहरादून, पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार, ग्राफिक एरा पर्वतीय विश्वविद्यालय देहरादून, आई0एम0एस0यूनिसन विश्वविद्यालय देहरादून, श्री गुरू राम राय विश्व विद्यालय, देहरादून, स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय देहरादून, डी0आई0टी विश्वविद्यालय देहरादून,



# सिमगड़ी क्षेत्र के लोगों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

बागेश्वर (उद संवाददाता)।धरमघर क्षेत्र के सिमगड़ी न्याय पंचायत के लोग गांव की मूलभूत समस्याओं का समाधान नही होने से लोगों में नाराजगी है, नाराज क्षेत्रीय ग्रामीण अब आचार संहिता के बाद अब तक क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण नही किए जाने को लेकर नाराज है, नाराज ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर जल्द समस्याओं का निराकरण नही करने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है।चार सूत्रीय मांगों को लेकर सिमगड़ी क्षेत्र के लोग मुखर हो गए हैं। नाराज लोगों ने लंबित मांग नहीं माने जाने पर लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि क्षेत्र लंबे समय से मूलभूत समस्या से जूझ रहा है। इस कारण पलायन भी तेजी से हो रहा है। इस आशय का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भी भेजा है। ज्ञापन में ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक चिकित्सालय जलमानी में सरकारी धन खर्च करने के बाद भवन आदि बना है। इसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत करने की मांग लंबे समय से चल रही है, लेकिन उपेक्षा के चलते नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा 2007 से लोग भूलगांव के पतकन्य तोक में उप तहसील बनाने की मांग कर रहे हैं। जलमानी में उप डाकघर तथा क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत बैंक को लेकर लोग आंदोलित हैं, लेकिन जनप्रतिनिध उनकी सुनने के बजाए उपेक्षा में लगे हैं। मूलभूत सुविधा नहीं होने से लोग अब आजिज आ चुके हैं। उन्होंने तय किया कि इन चार मांगों को लेकर वह लोकसभा के साथ ही विधानसभा का भी बहिष्कार करेंगे। चेतावनी देने वालों में ग्राम प्रधान जलमानी समेत क्षेत्र पंचायत सदस्य पचार, गणेश सिंह, चतुर सिंह, दलीप सिंह, नीरज, हरीश, हिमांशु, मोहन सिंह, कुंदन सिंह, जीवन सिंह राठौर, पिंकी राठौर, भावना राठौर, आशा देवी, मेहरमान सिंह दीवान सिंह, ध्यान सिंह, देवेंद्र सिंह, चंचल सिंह, सुनीता देवी, नंदन सिंह आशा देवी, किशन सिंह, मोहन सिंह सहित 60 ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर है।

# निवर्तमान मेयर रामपाल के घर पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तराखण्ड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह के आवास पर पहुंचे इस दौरान उन्होंने रामपाल सिंह सहित पार्टी के कुछ अन्य लोगों के साथ राजनैतिक परिदृश्य को लेकर चर्चा की। भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम गुरूवार सुबह अचानक निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह के शक्ति विहार स्थित निवास पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर रामपाल सिंह और उनके परिजनों ने उनका स्वागत किया



और उन्हें सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने पूर्व मेयर रामपाल सिंह सहित पार्टी के कुछ अन्य पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव और आगामी निकाय चुनाव को लेकर व्यापक चर्चा की और चुनाव को लेकर आवश्यक मार्ग दर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रचण्ड बहुमत से केन्द्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है, लेकिन संभावित जीत से अति उत्साह में आने के बजाय कार्यकर्ता चुनाव की तैयारियों में जी जान से जुटें। हर कार्यकर्ता को प्रयास करना है कि जीत रिकार्ड मतों से हों।

# पंजाबी महासभा ने की हत्याकाण्ड की निंदा

खटीमा (उद संवाददाता)।उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने धार्मिक गुरु डेरा कार सेवा बाबा तरसेम सिंह की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की है। उत्तांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा ने कहा कि बाबा तरसेम सिंह की हत्या का शीघ्र खुलासा होना चाहिए। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अपील की है कि संयम रखते हुए कानून पर विश्वास करते हुए किसी भी प्रकार से कोई धार्मिक विवाद उत्पन्न ना हो। इसको लेकर हमें सतर्क रहने की जरूरत है। उम्मीद जताई कि शीघ्र इस हत्याकांड का खुलासा होगा।भारतीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की कि धार्मिक गुरुओं की सुरक्षा एवं धार्मिक स्थानों की सुरक्षा कड़ी की जाए।

# व्यय लेखों का परीक्षण 6, 11 और 16 अप्रैल को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय प्रेक्षक टी0 शंकर द्वारा प्रत्याशियों का व्यय लेखों का निरीक्षण आगामी 6 अप्रैल, 11 अप्रैल व 16 अप्रैल को निर्धारित किया गया है। रिटर्निंग आफिसर लोकसभा क्षेत्र 04-नैनीताल-उधमसिंह नगर उदयराज सिंह ने बताया कि व्यय प्रेक्षक टी0 शंकर द्वारा प्रत्याशियों का व्यय लेखों का निरीक्षण आगामी 6 अप्रैल, 11 अप्रैल व 16 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से डॉ.एपीजे सभागार में किया जायेगा। उन्होने सभी प्रत्याशियों व समस्त सहायक व्यय प्रेक्षकों को निर्देश दिये कि वे समन्वय करते हुये निर्धारित तिथि व समय पर लेखा निरीक्षण कराना सुनिश्चित करें।

# महिला समेत चार वारंटी गिरफ्तार

काशीपुर। अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे महिला समेत चार वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी कुलवंत सिंह पुत्र सुरेश की पुलिस को सरगर्मी से तलाश थी। कोर्ट में समय से हाजिर न होने पर उसके खिलाफ वारंट जारी किए गए थे। इसी तरह अवैध कच्ची शराब के एक मामले में यहीं के सतीश पुत्र शांति, अवैध शराब के मामले में श्यामपुरम कॉलोनी निवासी सीमा शर्मा पत्नी हरिओम शर्मा तथा गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के एक अन्य मामले में खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी अंकित पुत्र सुरेश की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। महिला समेत उपरोक्त चारों वारंटी कानून की आंख में धूल झोंककर फरार चल रहे थे जिन्हें सूचना के आधार पर दबिश देकर पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उपरोक्त सभी चारों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# तीनों लोकों की सुख सम्पदा माता-पिता के चरणों में

माता-पिता को देवता तुल्य मानने की परंपरा इस देश में इन दिनों वृद्धों से जो व्यवहार होने लगता है वह किसी से छिपा नहीं है। अपना ही खून अपने माँ-बाप को इस तरह भुलाये बिसारने व उपेक्षित समझने लगा है जैसे कोई



रिश्ता नाता ही न हो स हमारा नैतिक मूल्य इतना गिर चुका है कि जन्मदाता माता पिता भी अब हमें बोझ लगने लगे हैं स बच्चे जवान होने पर बूढ़े माता पिता को दूध में पड़ी मक्खी की तरह घर से बाहर निकाल देते हैं। या उन्हें घर छोड़ने पर विवश कर देते हैं। कई लोग तो भीख मांगने पर मजबूर हो जाते हैं स बच्चे के जन्म लेते ही माता पिता सुनहरे सपने संजोने लगते हैं कि बच्चा बड़ा होकर डॉक्टर, इंजीनियर,या बड़ा अफसर बनेगा और बुढ़ापे में हमारी सेवा करेगा स खुद अभावों में रहकर भी बच्चों को किसी वस्तु का अभाव महसूस नहीं होने देते। बदले में उन्हें क्या मिलता है? तिरस्कार, अपमान और उपेक्षा। क्या इन्हीं सबके लिए माता पिता संतान को जन्म देते हैं स वृद्ध लोग क्या खाएं, कैसे खाएं? उनकी मजबूरी बेटे बहू नहीं समझते उन्हें इससे कोई सरोकार नहीं है कि जो कुछ वो माँ बाप को परोस रहे हैं वह उनसे खाया भी जायेगा या नहीं। यदि माता पिता बीमार पड़ते हैं तो कई बहू बेटे तो उन्हें खैराती धर्मार्थ, अस्पताल में पटक आते हैं ताकि उनकी सेवा से बच सकें। आज की पीढ़ी को भागमभाग की जिन्दगी में वृद्ध माता पिता के पास दो पल बैठने, उनसे बतियाने, उनका दुःख दर्द जानने समझने का समय नहीं है स यहाँ तक की गंभीर पारिवारिक मामलों में उनकी राय भी नहीं ली जाती। संतानें वही करती है जो उनकी मर्जी में आता है। शहरी घर परिवार में बेटे बहू के काम पर जाने के बाद उनके बच्चों को देखने की जिम्मेदारी भी माता पिता पर छोड़ देते हैं। यदि कोई कमी रह जाए तो माता पिता की खैर नहीं गई बार बार माता पिता से ऐसे काम लिए जाते हैं जो उनके सम्मान के विरुद्ध होते हैं। जिस माता पिता की एक ही संतान होती है वे तो जैसे तैसे रो धोकर बूढ़े माता पिता को साथ रखती हैं लेकिन जिन माता पिता की एक से अधिक संताने होती हैं उनकी बड़ी मुसीबत होती है। सभी संतानें बूढ़े माता पिता का भार एक दूसरे पर डालने का प्रयास करती हैं पति पत्नी को एक दूसरे की आवश्यकता बुढ़ापे में ही महसूस होती है। जवानी के दिन तो हंसी खुशी बीत जाते हैं लेकिन बुढ़ापे में उन्हें एक दूसरे का साथ चाहिये। मृत्यु शाश्वत सत्य है कभी पति पहले दिवंगत हो जाता है तो कहीं पत्नी, किसी एक के स्वर्गवासी हो जाने से दूसरे को अकेलापन काटने लगता है। जब तक साथ थे अपनी बात एक दूसरे से कहकर मन हल्का कर लेते थे। एक दूसरे को ढाढस बंधाते थे, सांत्वना देते थे लेकिन अब वे अपने मन की बात किस से कहें? वृद्ध माता पिता अपनी संतान से अधिक नाती पोतों को प्यार करते हैं स नाती पोते जब तक बच्चे रहते हैं अपने दादा दादी की उँगली पकड़कर चलना सीखते हैं और दादा दादी की गोदी में नाती पोते प्यार दुलार पाते हैं और बड़े होते ही अपने रंग में रंग जाते हैं कि दादा दादी की अवहेलना करने लगते हैं और दादा दादी के लिए उनके पास कोई समय नहीं रहता। आज के कमाऊ पूत अपने वृद्ध माता पिता को दो वक्त की रोटी और कपड़ा भले ही दे दे पर उनके पास पल दो पल बैठकर उनका दुख सुनना उन्हें अखरने लगता है। वृद्ध माता पिता का रोटी और कपड़ा देने से ही क्या संतानों के कर्तव्यों की इतिश्री हो जाती है? उन्हें रोटी कपड़ा नहीं सम्मान की जरूरत है। और वह उन्हें मिलना ही चाहिये स जिस माता पिता ने हमें जन्म दिया पढ़ा लिखाकर अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाया। उन्हीं की सेवा से विमुख होने से बड़ी कृतघ्नता और क्या हो सकती है? हमारे लिए माता पिता ही पूजनीय है, माता पिता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा और पूजा है। तीनों लोकों की सुख सम्पदा माता पिता के चरणों में बिराजती है। माता पिता के चरणों की सेवा की सेवा ही सर्वोपरि है।

प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ




## पेज एक का शेष...

**डेरा कारसेवा प्रमुख.....** मिलने पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एएसपी मनोज कत्याल, एसडीएम रविन्द्र जुंवाठा मौके पर पहुंच गए। जहां एसएसपी ने घटना की जानकारी लेते हुये घटना स्थल पर मौजूद युवक से जानकारी जुटाई। पुलिस व फारेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने नगर में आस 'पास के सभी सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए है। घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें दो बाइक सवार बदमाश बाबा को गोली मारने के बाद फरार होते नजर आ रहे हैं। बाबा की हत्या की सूचना पर सैकड़ो समर्थक कारसेवा डेरे पहुचने शुरू हो गए। वही पुलिस ने हत्यारों की खोजबीन के लिए टीमें गठित कर दी हैं।

**घटनास्थल के आस-पास छिपे थे.....** थी। हालांकि पुलिस गहनतापूर्वक बदमाशों के छिपे होने के ठिकानों का सत्यापन के जरिए पता लगाने मे जुटी है। डीआइजी योगेंद्र रावत ने बताया कि हत्यारोपी घटनास्थल के पास छिपे हुए थे। जांच में इसकी तस्दीक हुई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों, बदमाशों से जुड़ी जानकारी का सत्यापन कर रही है।

**भाजपा के करीबी माने.** पुष्कर सिंह धामी समेत राज्य के वरिष्ठ पदाधिकारी बाबा के खास माने जाते थे। डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या की सूचना मिलने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी आज शाम नानकमत्ता पहुंच सकते हैं।

**तीन घरों से लाखों के जेवर........** दो लोंग, चांदी की दो पायल, बिछुए, एक सिक्का, एक मेडल, झुमके आदि सामान चोरी कर ले गये। उसने बताया कि चारों ने छत का दरवाजा भी खोला। वहीं उनके पड़ोस में ही रहने वाले विकास पुत्र जितेन्द्र कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ हरिद्वार गये हुए थे। गत मध्य रात्रि जब वह वापस आये तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। जब वह भीतर गये तो सारे कमरों के दरवाजे खुले हुए थे। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर अंतिम कमरे में फ्रिज के पास अलमारी में रखी सोने की कान की दो बाली, एक अंगूठी, एक चेन व 40 हजार रूपये नगद चोरी कर ले गये। चोरी की इन दो घटनाओं की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष भारत सिंह, एसआई भरत भंडारी, हेकां. दिनेश तिवारी व अर्जुन पाल मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जिसमें मध्य रात्रि दो अज्ञात व्यक्ति पैदल कालोनी में प्रवेश करते देखे गये। वहीं चोरी की एक अन्य घटना में ग्राम फुलसुंगी निवासी अवनीश पुत्र रमन पाल का कहना है कि 24 मार्च को वह प्रातः घर में ताला लगाकरअपने मूल निवास ग्राम सिबुआपुर पोस्ट करेली पीलीभीत गया था। 27 मार्च की दोपहर जब वह घर वापस लौटा तो देखा घर के सारे ताले टूटे हुए थे। भीतर पहुंचने पर देखा कि सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था और अलमारी खुली हुई थी। अवनीश का कहना है कि अज्ञात चोर घर से सोने का एक हार, दो जोड़ी कान की बाली, एक चेन, एक ओम, एक मंगलसूत्र तथा 9 हजार नगद चोरी कर ले गये हैं। इधर थानाध्यक्ष भारत सिंह ने सभी लोगों से अपील की है कि वह कहीं बाहर जाने से पूर्व पड़ोसियों या पुलिस का सूचित अवश्य करें साथ ही जाते समय मुख्य गेट का ताला बाहर से न लगाकर हो सके तो भीतर से लगायें। पुलिस ने चोरी की तीनों घटनाओं की छानबीन शुरू कर दी है।

**सचिन तेंदुलकर ने किया सिडकुल में प्लांट.......** सिडकुल में ल्युमिनस के नवनिर्मित सोलर पावर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट पहुंचे और नये प्लांट का विधिवत शुभारम्भ किया। उन्होंने प्लांट प्रबंधन को शुभारम्भ पर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। उदघाटन कार्यक्रम के दौरान मौजूद ल्युमिनस पावर टेक्नोलॉजीज की एमडी एवं सीईओ मिस प्रीति बजाज ने कहा रूद्रपुर में ग्रीन सोलर पैनल फैक्ट्री भारत के शुद्ध शून्य उद्देश्यों में ल्युमिनस की बड़ी भूमिका की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। नई मैनुफैक्चरिंग युनिट में निवेश स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने और कार्बन फुटप्रिन्ट को कम करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोलर एनर्जी हमारे कारोबार का मुख्य भाग होगी और अगले तीन सालों में विकास को दोगुना करने के हमारे लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगी। हमारा मानना है कि सोलर एनर्जी ही भविष्य है क्योंकि स्वच्छ उर्जा समाधानों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में हम उर्जा रूपान्तरण की इस यात्रा में अग्रणी कंपनी बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं।। ल्युमिनस बोर्ड के चेयरमैन मनीष पंत एवं एक्जक्टिव वाईस प्रेजीडेन्ट- इंटरनेशनल ऑपरेशन्स, श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने कहा, ''हाल ही के वर्षों में भारत ने सोलर पावर क्षमता के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है। भारत सरकार ने खासतौर पर गेम-चेंजिंग 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की पेशकश के साथ अग्रणी भूमिका निभाई है, जिसका उद्देश्य एक करोड़ परिवारों को सोलर रूफ-टॉप उपलब्ध कराना है। ल्युमिनस सोलर पीवी पैनल युनिट, आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह फैक्टरी शुद्ध शून्य प्रथाओं एवं स्थायी उर्जा समाधानों को बढ़ावा देने के श्नाइडर एवं ल्युमिनस के साझा लक्ष्य की दिशा में बड़ा कदम है। इस आधुनिक युनिट के साथ ल्युमिनस, भारत के विकसित होते नवीकरणीय उर्जा बाजार के मद्देनजर सोलर कारोबार को गति प्रदान करने की मजबूत स्थिति में है।' यह उत्तराखण्ड की सबसे बड़ी सोलर पैनल फैक्टरी है, जो 10 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में फैली है। यह पूरी तरह स्वचालित तथा आधुनिक सोलर मोड्यूल निर्माण तकनीकों से युक्त है। यह देश का पहला प्लांट है जहां भावी मोड्यूल (हेटरोजंक्शन) टेक्नोलॉजी होगी और पूरी तरह से रोबोटिक ऑटोमेशन क्षमता के साथ उच्च गुणवत्ता के मोड्यूल बनाए जाएंगे। 250 मेगवॉट की क्षमता के साथ लॉन्च किए गए इस आधुनिक प्लांट को 1 गीगावॉट तक विस्तारित किया जा सकता है। इस अवसर पर ल्युमिनस ने ल्युमिनस एक्सपीरिएंस सेंटर और एक्सपीरिएंस ऑन व्हील्स बस का लॉन्च भी किया। एक्सपीरिएंस सेंटर ने ग्रीन सोलर प्लांट एवं सम्पूर्ण निर्माण प्रक्रिया के वर्चुअल टूर का अनुभव प्रदान किया। वहीं एक्सपीरिएंस ऑन व्हील्स बस से सूरज से पावर्ड इलेक्ट्रिक अनुभव तथा ल्युमिनस सोलर पैनल एवं प्रोडक्ट्स से युक्त स्थान को दर्शाया।

सोलर प्लांट का उद्घाटन ल्युमिनस के लिए बड़ी उपलब्धि है, जहां कंपनी ने आधुनिक सोलर एनर्जी मैनेजमेन्ट सिस्टम के निर्माण के लिए सोलर, इन्वर्टर और बैटरी कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट रेंज के निर्माण के लिए सामरिक फैसले लिए हैं। ल्युमिनस सोलर सोल्युशन्स के सिस्टम में इसका प्रमुख कनेक्ट एक्स ऐप भी इंटीग्रेट किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को रियल टाईम में उर्जा की खपत पर जानकारी मिल सकें, वे उर्जा के उत्पादन और इन्वर्टर के परफोर्मेन्स को मॉनिटर कर सकें। ल्युमिनस ने सोलर पैनल प्रोजेक्ट्स में विश्वसनीयता, वैल्यू इंजीनियरिंग और कम्पोनेन्ट क्वालीफिकेशन के लिए दुनिया के सबसे बड़े रीन्यूएबल एनर्जी स्कूलों में से एक युनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स, ऑस्ट्रेलिया के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत ल्युमिनस नई तकनीकों का मूल्यांकन कर कंपनी की तकनीकी दक्षता को बढ़ाने में योगदान देगी। यह प्लांट पॉलीक्रिस्टलाईन, मोनोक्रिस्टलाईन, एन-टाईप और टॉपकॉन पैनल्स (मोनोफेशियल एवं बाईफेशियल दोनों- 5 बी बी से 16बी बी तक अडैप्ट करने वाले विकल्पों के साथ) निर्मित करेगा। इन क्षमताओं के साथ ल्युमिनस रिहायशी या कमर्शियल रूफटॉप सोलर पैनल आवश्यताओं के प्रबन्धन में विशेषज्ञ बन गई है। इस साईट में आधुनिक पीवी मोड्यून परफोर्मेन्स क्षमता तथा विश्वसनीयता मूल्यांकन लैब होगी, जिसमे भविष्य में एनएबीएल मान्यता हासिल करने की क्षमता है।

यहां आपको बता दे कि विश्व विख्यात क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ल्युमिनस कंपनी के ब्राण्ड एंबेसडर हैं। जिसके चलते श्री तेंदुलकर आज यहां ल्युमिनस के नये प्लांट के उद्घाटन के अवसर पर पहुंचे थे। प्लांट के उदघाटन के बाद सचिन तेंदुलकर ने कुछ देर विश्राम किया। उसके पश्चात वह कैंची धाम के लिए रवाना हो गये। बता दें तेंदुलकर परिवार के साथ चार दिन के भ्रमण पर आये हैं जिसके तहत उनका रानीखेत, अल्मोड़ा, कौसानी और मुनस्यारी जाने का कार्यक्रम संभावित है। 31 मार्च को उन्हें इंडिगो की फ्लाईट से वापस दिल्ली रवाना होना है।

## सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री मन्तशा उर्फ माही आये दिन परिवार के सदस्यों के साथ गाली गलौच लड़ाई झगड़ा और मारपीट करती है। वह बिना बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गयी जिसका एक पुत्र भी है। मन्तशा उर्फ माही के कृत्यों से दुखी और परेशान होकर मैंने उसे अपनी हर प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और उससे सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में अपने अच्छे बुरे कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

साबिर पुत्र श्री इद्दन निवासी- वार्ड नं. 14, आदर्श कालोनी, रूद्रपुर, तहसील- रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम सुनील कुमार से बदलकर सुनील कुमार अरोरा रख लिया है। भविष्य में मुझे सुनील कुमार अरोरा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सुनील कुमार अरोरा पुत्र श्री बूर चन्द निवासी- एच.नं-ए-31, डबल्यू नं-11, दुर्गा मंदिर गली, रूद्रपुर, जिला- उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपनी पुत्री का नाम टिया पांडे से बदलकर श्लोका पांडे रख दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को श्लोका पांडे के नाम से जाना व पहचाना जाए।

श्लोका पांडे पुत्री श्री चेतन पांडे निवासी- वॉर्ड न-2, पांडे हॉस्पिटल, ईदगाह वॉर्ड, बाजपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

# यूपी, राजस्थान और जम्मू में सीएम धामी करेंगे प्रचार

देहरादून। भाजपा धामी सरकार के समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून, दंगा रोधी कानून, लैंड जिहाद, जबरन धर्मांतरण रोकने के कानून को राष्ट्रीय स्तर पर भुनाएगी। इन बड़े फैसलों का जनता के बीच में प्रचार करने के लिए पार्टी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को राजस्थान, उत्तरप्रदेश और जम्मू कश्मीर के प्रमुख स्टार प्रचारकों में शामिल किया है। धामी इन तीनों राज्यों में चुनाव प्रचार करेंगे। माना जा रहा है कि उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में बड़े फैसलों और निर्णयों से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की डिमांड राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी है। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने टॉप स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में भी देवभूमि से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी टॉप पर हैं। तीनों राज्यों में करीब 30 से 40 स्टार प्रचारक हैं लेकिन उत्तराखंड से सिर्फ मुख्यमंत्री धामी का नाम शामिल है। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व लोस चुनाव में धामी सरकार के बड़े फैसलों को देशभर में नजीर के रूप में प्रदर्शित करना चाहता है।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'भाजपा' ने 'भव्य' इवेंट से बनाई 'बढ़त'

## कांग्रेस पर बढ़ाया मनोवैज्ञानिक दबाव, सीएम धामी भी भर रहे जोश
## कांग्रेस राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदेश के उम्मीदवारों को उनके हाल पर ही छोड़ा



-अर्श-

रूद्रपुर। प्रस्तावित आम चुनाव में उत्तराखंड की सभी पांचो सीटों पर भाजपा अपने आक्रामक चुनाव प्रचार से विरोधियों को हतप्रभ कर देने की रणनीति पर काम करती जान पड़ती है। वह इसलिए, क्योंकि भाजपा ने राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन के मौके को ही एक इवेंट का रूप देकर, नामांकन के दौर से ही प्रमुख प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस पर एक मनोवैज्ञानिक लीड ले ली है । सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी सभी प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रमों पहुंचकर पीएम मोदी की डबल इंजन सरकार के दम पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खूब जोश भी भरा। दूसरी तरफ उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर का कोई भी कांग्रेसी नेता उम्मीदवारों की हौसला अफजाई के लिए नहीं पहुंचा। यहां तक की उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी शैलजा ने भी कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में शिरकत करने की जरूरत नहीं समझी । हालांकि कांग्रेस के पांचो उम्मीदवारों ने यथा समर्थ कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को एकत्रित कर दमखम दिखाने की कोशिश जरूर की, परंतु भाजपा के नामांकन इवेंट की भव्यता सामने कांग्रेस प्रत्याशियों की यह कोशिश फीकी ही नजर आई। नामांकन की आखिरी तारीख पर यानी बीते रोज भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय सीट के लिए, प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा ,गदरपुर विधायक अरविंद पांडे सहित तमाम वर्तमान विधायक एवं बड़े भाजपाई नेताओं के साथ जुलूस की शक्ल में उधम सिंह नगर जिला मुख्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इसके पूर्व भाजपा ने सूबे की अन्य लोकसभा सीटों पर बड़े ही रणनीतिक तरीके से एक-एक कर अपने प्रत्याशियों के नामांकन कराए और हर नामांकन कार्यक्रम से न केवल माहौल बंदी की कोशिश की वरन एक मोमेंटम गेन करने का भरपूर प्रयास किया है। प्राय: सभी प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने खास अंदाज के साथ विशेष रूप से मौजूद रहे ।बताना होगा कि भाजपा की ओर से प्रत्याशियों के नामांकन की शुरुआत 22 मार्च को हरिद्वार संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं अल्मोड़ा- पिथौरागढ़ संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा द्वारा नामांकन दाखिल करने से हुई। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जहां प्रदेश का पहला डिजिटल नामांकन दाखिल करके पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया की परिकल्पना के साथ अपनी प्रतिबद्धता दिखाने की कोशिश की, वही अल्मोड़ा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने जुलूस की शक्ल में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया । टम्टा के नामांकन के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं राज्य मंत्रिमंडल की सदस्य रेखा आर्य सहित सूबे के तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे ।नामांकन के तुरंत बाद राज्य के मुख्यमंत्री धामी ने रैमजे इंटर कॉलेज के प्रांगण में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया ।बात टिहरी एवं गढ़वाल लोकसभा सीटों की करें, तो उक्त लोकसभा सीटों के भाजपा प्रत्याशी क्रमश: माला राज्य लक्ष्मी शाह एवं अनिल बलूनी ने विगत 26 मार्च को पूरे लाव लश्कर के साथ अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए ।इस दौरान भाजपा ने नामांकन रैली में अपनी ताकत दिखाई तथा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और सीएम धामी प्रत्याशियों के समर्थन में पहुंचे, साथ ही इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, गढ़वाल सांसद तीरथ रावत, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल सहित कई भाजपा दिग्गजों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। इस दौरान पानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का एक रोड शो भी आयोजित हुआ। तत्पश्चात उन्होंने पौड़ी के रामलीला मैदान में अपना उद्बोधन दिया। कुल मिलाकर नामांकन कार्यक्रमों से ही भाजपा ने प्रदेश में एक मोमेंटम हासिल कर लिया है और अब उसकी आगे की रणनीति यही होगी,कि इस मोमेंटम को मतदान की तिथि तक बनाए रखा जाए।

# राज्य उपभोक्ता आयोग तथा 12 जिला आयोग अध्यक्ष विहीन

## उत्तराखंड में उपभोक्ता न्याय ठप्पः 4760 केस फैसले के इंतजार में, 1215 केस 5 साल से अधिक पुराने




काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में काफी महीने से उपभोक्ता न्याय ठप्प है। इसका मुख्य कारण राज्य उपभोक्ता आयोग तथा 12 जिला आयोगों के अध्यक्ष के पद काफी समय से रिक्त होना तथा नियमानुसार कार्यकाल समाप्त होने से छः माह पूर्व से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू न करना है। प्रदेश में 4760 उपभोक्ता केस फैसले के इंतजार में हैं जिसमें 1215 केस 5 साल से अधिक पुराने हैं। यह खुलासा उत्तराखंड उपभोक्ता आयोग द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड उपभोक्ता आयोग से लम्बित उपभोक्ता केसों तथा कार्यरत जिला आयोगों व रिक्त पदों सम्बन्धी विवरणों की सूचना चाहीं थी। इसके उत्तर में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उत्तराखंड की लोक सूचना अधिकारी/प्रशा0 अधिकारी वन्दना शर्मा ने अपने पत्रांक 151 दिनांकित 16 मार्च 2024 के साथ सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराये हैं। श्री नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अध्यक्ष का पद 04 जनवरी 2024 से तथा सदस्य (न्यायिक) तथा सदस्य (सामान्य) के पद 01 जनवरी 2022 से रिक्त हैं जबकि 13 जिलों में से 12 जिला आयोगो के अध्यक्षों के पद रिक्त हैं इसमें देहरादून का मार्च 2022 से, हरिद्वार का दिसम्बर 2022 से, उत्तरकाशी, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, चमोली, रूद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, पिथौरागढ़ के अध्यक्षों के पद मई 2023 तथा उधमसिंह नगर के उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष का पद दिसम्बर 2023 से रिक्त हैं। इसके कारण राज्य आयोग तथा 3 जिला आयोगों का कार्य तो प्रभावित हुआ है तथा 10 जिला आयोगों में केसों के निपटारे का काम बिल्कुल ही बंद हैं। तीन जिला आयोगों नैनीताल, अल्मोड़ा तथा बागेश्वर में केसों का निपटारा भी इसलिये हो पा रहा हैं कि प्रदेश में एकमात्र नैनीताल जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष श्री रमेश कुमार जयसवाल अल्मोड़ा व बागेश्वर जिला आयोग के अध्यक्षों का अतिरिक्त कार्य भार देख रहे हैं।श्री नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार वर्ष 2023 के अंत में राज्य व जिला उपभोक्ता आयोगों में 4760 उपभोक्ता केस लंबित हैं। इसमें जिला उपभोक्ता आयोगों में 3585 उपभोक्ता शिकायतों सम्बन्धी केस तथा राज्य उपभोक्ता आयोग में 72 उपभोक्ता शिकायतों तथा 1103 प्रथम अपील सम्बन्धी केस शामिल हैं। वर्ष 2023 में जिला उपभोक्ता आयोगों में 970 केस तथा राज्य आयोग में 113 प्रथम अपील तथा 03 उपभोक्ता शिकायत सम्बन्धी केस फाइल हुये हैं। इस अवधि में राज्य आयोग ने 28 शिकायतों तथा 407 अपीलों तथा जिला आयोगों ने 470 उपभोक्ता शिकायतों का निपटारा किया है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अनुसार, उपभोक्ता शिकायतों तथा अपीलों को तीन माह (प्रयोग शाला वाली शिकायतों के मामलों में पांच माह) मे केसों का फैसला करने का प्रावधान है लेकिन राज्य में 10 वर्ष से अधिक पुराने भी 32 केस लम्बित है। इसमें जिला आयोगों में 7 तथा राज्य आयोग में 20 अपील तथा 5 उपभोक्ता शिकायत सम्बन्धी केस शामिल हैं। राज्य में दस वर्ष से फैसले के इंतजार वाले 182 केसों में 41 जिला आयोगों तथा 20 राज्य आयोगों में उपभोक्ता शिकायतें तथा 121 प्रथम अपील केस शामिल है। सात वर्ष से फैसले के इंतजार वाले 284 केसों में 103 जिला आयोगों तथा 29 राज्य आयोग में शिकायतें तथा 152 प्रथम अपील लम्बित हैं। पांच साल से फैसले के इंतजार में 717 केसों में 364 जिला आयोग तथा 11 शिकायतें व 342 अपील राज्य आयोग में लम्बित हैं। तीन साल से लंबित 765 केसों में 648 जिला आयोगों तथा 1 राज्य आयोग में उपभोक्ता शिकायतें तथा 116 अपील फैसले के इंतजार में हैं। दो वर्ष से लम्बित 1488 केसों में 1245 जिला आयोगों तथा 243 राज्य आयोग में अपील शामिल हैं। छः माह से एक वर्ष तक अवधि से लम्बित केसों में 682 केसों में 614 जिला आयोग तथा 68 राज्य आयोग में अपील केस शामिल है। छः माह से कम समय से लम्बित 474 केसों में 446 उपभोक्ता शिकायतें जिला आयोगों तथा 2 राज्य आयोग तथा 26 अपीले राज्य आयोग में 31 दिसम्बर 2023 को लंबित हैं।


